हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
[ पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई ]
जबलपुर, गुरुवार 18 जुलाई 2024
login : www.haribhoomi.com


**खबर संक्षेप**

### शासकीय आई.टी.आई. में प्लेसमेंट ड्राइव आज

**छिन्दवाड़ा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिन्दवाड़ा में 18 जुलाई को विजन इंडिया सर्विस प्रायवेट लिमिटेड (मारुति सुजुकी मोटर गुजरात प्रायवेट लिमिटेड) द्वारा एफटीसी के लिये उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष में अध्यनरत प्रशिक्षार्णियों के लिये प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है । संस्था के प्लेसमेंट अधिकारी श्री शिव कुमार सनोडिया ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिन्दवाड़ा के नोडल प्राचार्य श्री सी.बी.उईके के मार्गदर्शन में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिन्दवाड़ा में 18 जुलाई 2024 को विजन इंडिया सर्विस प्रायवेट लिमिटेड (मारुति सुजुकी मोटर गुजरात प्रायवेट लिमिटेड) द्वारा कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया है। कैंपस ड्राइव में आई.टी.आई. पास एवं अंतिम वर्ष में अध्ययनरत फिटर, डीजल मेकैनिक, मोटर मेकैनिक, टर्नर, मशीनिष्ठ, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, टूल एंड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई ऑटोमोबाईल, ट्रेक्टर मैकेनिक एवं पेंटर आदि ट्रेड के केवल पुरुष प्रशिक्षणार्थी जिनकी उम्र 18 से 24 वर्ष है ऐसे प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते है। इसके अंतर्गत चयनित प्रशिक्षणार्थियों का 23300 रूपये प्रतिमाह वेतन रहेगा। जिले के इच्छुक अभ्यर्थियों से प्रातः 10 बजे तक अपने सभी दस्तावेजों की फोटोकॉपी के साथ निर्धारित स्थल पर उपस्थित होकर प्लेसमेंट ड्राइव का लाभ ले सकते हैं ।

### पांढुर्णा में रोजगार मेले का आयोजन 19 को

**छिन्दवाड़ा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला पांढुर्णा के संस्था प्रमुख ने बताया कि कौशल विकास संचालनालय म.प्र. शासन शासकीय आईटीआई पांढुर्णा के तत्वावधान में पांढुर्णा कलेक्टर की अध्यक्षता में 19 जुलाई को लक्ष्मी स्मृति भवन नगरपालिका पांढुर्णा में जिला रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदेश एवं देश की कम्पनियां युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिये सम्मिलित हो रही हैं। उन्होंने जिले के इच्छुक बेरोजगार युवाओं से अपने सभी शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ 19 जुलाई को लक्ष्मी स्मृति भवन नगरपालिका पांढुर्णा में प्रातः 10 बजे उपस्थित होने के लिये कहा है ।

### कांग्रेसी नेता को तामिया छिंदी के भाजपाइयों का मिल रहा रेत की चोरी में संरक्षण

## एनजीटी की मनाही- मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद पांडूपिपरिया में लग रही है रेत की मंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



पूरे देश में वर्षा काल में जलचर प्राणियों की प्रजनन क्रिया के कारण रेत की वैध खदानों से भी रेत निकालने पर पूर्णता पाबंदी है। एनजीटी ने रेत नहीं निकाले जाने के आदेश का सख्ती से पालन करने के निर्देश सभी जिला कलेक्टर एवं खनिज अधिकारियों को दे रखे हैं, लेकिन तामिया तहसील के नदी नालों से रेत खदान स्वीकृत नही होने के बावजूद खनिज राजस्व पुलिस की मिली भगत से रेत का अवैध खनन बरसों से होता चलाआ रहा है।

तामिया तहसील में उल्लेखित विभाग के अधिकारी को रेत चोरों से मिलने वाली मंथली से ये अधिकारी अपने कर्तव्यों से विमुखः होकर रेत की चोरी रोकने के बजाए रेत चोरी करवाने में अपना कर्तव्य मान रहे हैं क्योंकि एनजीटी की रोक के बाद रेत का अवैध उत्खनन नहीं रुकना तो यही सिद्ध करता है कि अधिकारी वेतन तो शासन से लेते हैं और रेत की चोरी कर रहे है। इसकी बानगी बीती रात पांडू पिपरिया ग्राम जो रेत चोरों का गढ़ बन गया है। यहां पर एक दर्जन लोग रेत चोरी में शामिल अधिकारियों की मिलीभगत से रेत की पांडू पिपरिया में मंडी लगती है। वाहनों में रेत भरकर बिक्री के लिए खड़े किए जाते हैं।

बीती रात छिंदी मार्ग पर कांग्रेस का आदतन रेत चोर ने भाजापा के छुठ भैया नेताओं को शौक पानी करवाकर अपने पक्ष में कर रखा है। यह छुट भैया नेताओं को वशीभूत किए हुए हैं। इस कारण भाजपा के नेता अपने ही मुख्यमंत्री के निर्देशों की परवाह ना कर अपने ही मुख्यमंत्री के आदेश निर्देशों का पालन यदि करेंगे तो हमारे शौक पानी रेत चोरी बंद होने की दशा में बंद हो जाएंगे। इस तरह कांग्रेस नेता ने भाजपा नेताओं को अपने वसीभूत कर रखा है जिसका नतीजा है कि रेत चोरो को भय नहीं है कि जब सत्ता पक्ष के लोग ही रेत चोरों को संरक्षण देने में परहेज नहीं करें।

इस तरह बीती रात छिदी मार्ग पर सड़क किनारे रेत के अवैध वाहन खाली किया जाना मुख्यमंत्री के निर्देश को अधिकारियों की मिली भगत से मजाक बनाना किसी को देखना है तो पांडू पिपरिया में देख सकते है। हरिभूमि लगातार रेत चोरी के समाचार सचित्र प्रकाशित कर रहा है कि कभी ना कभी तो जिले के अधिकारी जागेंगे और रेत चोरी रोकने मुख्यमंत्री के निर्देशों एवं एनजीटी की रोक का पालन करवाने जागेंगे।

### चांद का बताया जा रहा है युवक

## मोहखेड़ के तालाब में मिला युवक का शव, पुलिस कर रही मामले की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

चौरई तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम चांद के युवक की मोहखेड़ तालाब में शव मिलने से सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार युवक मानसिक रूप से परेशान था। युवक चांद का निवासी बताया जा रहा है। युवक का शव नरसला के तालाब में मिलने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक आकाश पिता संतोष शेंडे मोघर में रहता था। वह पिछले दो दिनों से घर से गायब था। इसके बाद उसके परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। बताया जा रहा है कि मानसिक रूप से बीमार रहता था जिसके कारण अक्सर यह में वह घर से गायब हो जाता था।

आज उसका शव तालाब में मिला जिसके बाद परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच जारी है।

बताया जा रहा है कि मृतक का दो दिन पहले ही नागपुर में इलाज हुआ था। उसके परिजन उसका इलाज करा कर वापस लौटे थे। इसके बाद आज वह अचानक गायब हो गया था। गायब होने के बाद उसका साथ तालाब में मिला उसके जेब से निकली पर्ची के बाद उसकी पहचान हुई।



## युवाओं का दल हुआ अमरनाथ के लिए रवाना

**छिंदवाड़ाः** छिंदवाडा शहर से युवाओं का जत्था मिलन सराठे के नेतृत्व में बाबा बर्फानी अमरनाथ यात्रा के लिए आज पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना से दिल्ली के लिए रवाना हुआ।इस अवसर प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंदेवार, नीरज सेन,जिलाध्यक्ष हेमंत बंदेवार,मनीष बंदेवार, अंकित बंदेवार, बंटी श्रीवास, पवन बंदेवार दीपक राज बंदेवार व उनके माता-पिता व परिवार के लोगों ने उनकी मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।

## मलेरिया प्रभावित ग्रामों में होम्योपैथिक औषधि मलेरिया ऑफ 200 का किया जाएगा वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार आयुष मलेरिया रोग नियंत्रण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत जिला आयुष अधिकारी डॉ.दत्तात्रये भदाड़े के आदेशानुसार होम्योपैथिक औषधि मलेरिया ऑफ 200 का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ.कविता मसराम एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ.प्रमोद तेलगें को नियुक्त किया गया है।

कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ.कविता मसराम ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मलेरिया प्रभावित ग्रामों में आयुष नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत होम्योपैथिक औषधि मलेरिया ऑफ 200 का वितरण किया जाएगा। होम्योपैथिक औषधी मलेरिया ऑफ 200 का वितरण दो चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण में 18 व 25 जुलाई और 01 अगस्त को औषधि वितरण किया जायेगा एवं द्वितीय चरण में 22 व 29 अगस्त और 05 सितंबर को दवाई का वितरण किया जाएगा। आयुष मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम 2024 का आयोजन जिले के मलेरिया प्रभावित 03 विकासखंड के कुल 09 ग्रामों में होम्योपैथिक औषधि मलेरिया ऑफ 200 का वितरण किया जाएगा। जिले के विकासखंड हरई के ग्राम भौड़, रातेड़ भौड़, रावलगोंदी में किया जायेगा । विकासखंड बिछुआ के ग्राम बिछवी, सुरेवानी, पठराकला एवं विकासखंड तामिया के ग्राम गोटीखेड़ा, जड़मडलहरा व गोदलपानी में किया जायेगा।

### जिले में अभी तक 323.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 323.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 476.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 17 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 8.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 17 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 2.2, मोहखेड़ में 22, तामिया में 03, अमरवाड़ा में 20, चौरई में 09, हर्रई में 10.2, बिछुआ में 14.6, चांद में 15 और उमरेठ में 1.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 280.5, मोहखेड़ में 433.6, तामिया में 311, अमरवाड़ा में 445.8, चौरई में 348.6, हर्रई में 241.2, बिछुआ में 363.8, परासिया में 260.8, जुन्नारदेव में 214, चांद में 438.2 और उमरेठ में 220.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।



### सतनूर के ग्रामीण जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर



**छिंदवाड़ा।** तहसील मोहखेड़ की पंचायत सतनूर की सड़क बारिश के दिनों में पूरी जर्जर हो चुकी है।इस वजह से यहां से गुजरने वाले स्कूली बच्चे और ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत सतनूर के वार्ड क्रमांक एक चूना धार की सड़क इन दोनों पूरी तरह से खस्ताहाल हो चुकी है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण हेतु कई वर्षों से सरपंच, जनपद सदस्य व नेताओं से गुहार लगा रही किन्तु उन्हें सिवाय तसल्ली देने के अलावा कुछ नहीं दिया जाता। आम जन और स्कूल आने जाने वाले बच्चे हर दिन इस समस्या से लड़ने को है मजबूर हो रहे है। पूर्व में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण हेतु आवेदन दिया गया था किन्तु कुछ हासिल नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि नेताओं द्वारा चुनाव में सड़क निर्माण कराने का वादा किया था लेकिन चुनाव होते ही हमारी समस्या जिससे हम प्रतिदिन जूझ रहे है वे भूल गये है। अब भगवान ही हमारा सहारा है।

## सांसद बंटी साहू तेली समाज के समारोह में हुए शामिल

### भवन हेतु निधि से 26 लाख देने का आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल शाम 7 बजे नगर में पधारे सांसद बंटी साहू नगर में दो स्थानों पर तथा ग्राम तिगांव में एक स्थान तेली समाज संगठन के समारोह में शिमल हुए। सबसे पहले ग्राम तिगांव में श्रीसंत जगनाडे महाराज की प्रतिमा की स्थापना सांसद महोदय के हस्ते हुई। इसके उपरांत पांढुर्ना नगर में श्रीसंत जगनाडे महाराज चौक पर जगनाडे महाराज की प्रतिमा स्थापना का समारोह संपन्न हुआ। इसके बाद सांसद बंटी साहू तेली समाज भवन में गए। यहां पर तेली समाज भवन के पहली मंजिल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस मौके पर सांसद महोदय ने समाज के भवन के लिए सांसद निधि से 26 लाख रू. की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इसके बाद समाज के प्रतिनिधियों को बताया कि भवन निर्मा के लिए आपके पास चंदे की जो राशि एकत्र है इसका उपयोग म.प्र. शासन की जनभागीदारी योजना के माध्यम से किए जाने पर शासन द्वारा और इतनी ही राशि प्रदान की जाती है। इस प्रकार एकत्र राशि से दोगुनी राशि बन जाएगी और भवन निर्माण में सुविधा होगी।

तेली समाज भवन में समाज के कक्षा 10 एवं 12 के लगभग 30 प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सत्कार किया गया। नगर में राजीव गांधी मार्केट के सामने स्थित स्वामी समर्थ महाराज मंदिर परिसर में सांसद बंटी साहू को रोककर भाजपा नेता हर्षद केवटे और इनके समर्थकों ने माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार किया। अंत में रात्रि में लगभग 10 बजे सांसद बंटी साहू ने पूर्व विधायक मारोतराव खवसे के निवास पर जाकर उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ की।

### आंचलकुंड दरबार के आशीर्वाद से विधानसभा में जीत मिली-सांसद बंटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को मिली ऐतिहासिक जीत के बाद सांसद श्री बंटी विवेक साहू एवं विधायक कमलेश शाह के साथ आंचलकुंड दरबार पहुंचे और दादा जी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आंचलकुंड दरबार सभी की आस्था का केंद्र है आंचलकुंड दरबार का प्रभाव है कि लोकसभा चुनाव में आया था तब भी आशीर्वाद मिला था और विधानसभा चुनाव में भी आशीर्वाद मिला है उन्होंने कहा कि आंचलकुंड दरबार में छिंदवाड़ा जिला ही नहीं अन्य जिले के लोगों की आस्था है देश के गृहमंत्री अमित शाह जी भी यहां आए थे और उन्होंने भी आशीर्वाद लिया था सांसद श्री बंटी विवेक साहू के साथ विधायक कमलेश शाह नगर निगम महापौर विक्रम अहके, भाजपा नेता अरविंद राजपूत, रिजवान कुरैशी, जागेन्द्र अल्डक,जितेन्द्र राय और अन्य भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ बुधवार को दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे थे।

## केश शिल्पियों के आर्थिक व सामाजिक विकास के उचित कदम उठाएंगेः नंदकिशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



केश शिल्पियों के मध्यप्रदेश सरकार व केश शिल्पी मंडल लगातार उनके आर्थिक व सामाजिक विकास का स्तर कैसे आगे बढ़े इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहें हैं। इस बैठक में आप सभी से विचार-विमर्श के लिए बुलाया गया है। यह उद्गार मंगलवार 16 तारीख को मध्य प्रदेश राज्य केश शिल्पी मंडल बोर्ड एवं मार्गदर्शक मंडल की बैठक में भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मध्यप्रदेश केश शिल्पी मंडल के चेयरमेन नंदकिशोर वर्मा ने नगरीय प्रशासन एवं विकास मुख्यालय पालिका भवन भोपाल में बैठक में कही।

बैठक में प्रदेश भर से समाज के समस्त पदाधिकारी संगठन बार-बार एसोसिएशन और समाजसेवियों ने भाग लिया आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश राज्य के शिल्पी मंडल के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा श्री नंदकिशोर वर्मा ने की श्री वर्मा ने बैठक में उपस्थित सभी समाजसेवियों से पूछा कि कैसे शिल्पियों के कल्याण और उनके उत्थान के लिए और क्या अच्छा किया जा सकता है ओर सभी समजिक व केश शिल्पी बंधुओ के सुझाव लेकर शासन को अवगत कराया जाएगा।

आज के कार्यक्रम में जमुना सीएनजी नगर पालिका अध्यक्ष हीरालाल श्रीवास ,रामस्वरूप सेन दतिया, श्यामलाल जी बोराणा, संजय जी जावरा ,रज्जू भैया बिना, महिला संगठन की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती किरण ,गुना से शंभू दयाल जी ,गिरधारी लाल जी, इंदौर से नितेश सेन शेलू ,संदीप श्रीवास भोपाल, से संतोषी पहलवान, दसरथ राजोरिया ग्वालियर ,टीकाराम सेन ,गौरव सेन महू, नवल किशोर जी गुना,कार्यक्रम में सिलाई कला मंडल के अध्यक्ष मनोहर महेश्वरी भी उपस्थित थे आज की बैठक में कैसे शिल्पियों के कल्याण हेतु अनेकों योजनाएं पर विचार विमर्श कर उन पर निर्णय लिया गया।

### 4 माह से अटका शिक्षकों का वेतन, सांसद को दिया ज्ञापन

**पांढुर्ना।** गत रात्रि में छिंदवाडा- लोकसभा क्षेत्र के सांसद बंटी साहू को यहां रात्रि दौरे पर आने के समय अनेक शिक्षकों ने अपना 4 माह का अटका हुआ वेतन जल्द आहरित किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने बताया कि वे पांढुर्ना विकासखंड एवं पूर्व के जिला छिंदवाडा में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में पदस्थ है। मार्च, अप्रैल, मई एवं जून 2024 का वेतन नहीं मिलने का मामला शिक्षकों ने उठाया। शिक्षकों ने सांसद महोदय से कहा कि वे अपनी शिकायत लेकर कलेक्टर छिंदवाडा, कलेक्टर पांढुर्ना, जिला शिक्षाधिकारी छिंदवाडा और विकासखंड शिक्षाधिकारी पांढुर्ना को मिलकर इस मामले को संज्ञान में ला चुके है। लेकिन किसी की भी ओर सकारात्मक समाधान नही हुआ है। सांसद से भेंट करनेवालों में रमेश पाटिल, रामकृष्णा बालपांडे, मो. युनूस शेख, उमेश कुमार बिंझाडे, कैलाश गोहिते, श्रीमती देवकू कवडेती, श्रीमती रीता मल्होत्रा तथा श्रीमती रंजना कुमरे शामिल है।



### जगह जगह बांटा लंगर, मुस्लिम धर्मावलंबी रहे बड़ी संख्या में मौजूद

## मोहर्रम पर्व पर सिंगोड़ी में निकला ताजियों का जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी





मोहर्रम पर्व के दौरान सिंगोड़ी में लगा भव्य मेला, दर्जनों ताजिया के साथ निकला जुलूस का चल समारोह, बस स्टैंड से निकलकर कर्बला चौक पहुंचा। जहां विभिन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए।इस दौरान सिंगोड़ी सहित आसपास के ग्रामों के दर्जनों ताजिया यहां एकत्रीत हुए। वही अंजुमन कमेटी के सदर इलमन मिस्किनी ने सभी ताजियादारों लंगर वितरित करने वाले सवारियों सहित गणमान्य नागरिको का स्वागत किया। इस दौरान अमरवाड़ा सिंगोड़ी के शासन प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके पूर्व दो दिनों तक जामा मस्जिद सिंगोड़ी में रोजा इफ्तार करवाया गया और करबला के शहीदों की याद में हाफिज नौशाद आज़मी ने बयान तकरीर भी किए। चल समारोह के दौरान बच्चो के द्वारा अखाड़े में करतब भी दिखाए गए। स्थानीय कव्वालों ने शहीदी कव्वाली भी पढ़ी।

## लंगर बांटा गया, कला का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों हुए अतिथियों के हस्ते सम्मानित

# मोहर्रम पर ताजियों, अखाड़े, शेरों का कर्बला मैदान में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव



नगर में मोहर्रम के अवसर पर ताजियों अखाड़े शेरों का कर्बला मैदान में प्रदर्शन हुआ। माह ए मोहर्रम के मौके पर नगर में ताजियों का जुलूस निकाला गया। जो शहर का गश्त करते हुए कर्बला मैदान पहुंचें। कर्बला मैदान में जहां अखाड़ों का प्रदर्शन हुआ। आजाद हिंद अखाड़ा, कौमी एकता अखाड़े के खिलाड़ियों ने लाठी बनेठी पटा से करतब दिखाया। कई स्थानों से सवारियां उठी और नगर गश्त करते हुए कर्बला मैदान पहुंची।अकीदत मन्दो द्वारा मोहर्रम के मौके पर जगह-जगह लंगर ए हुसैन का वितरण किया गया। नगर के पुराने बस स्टैंड अंबेडकर चौक चर्च तिराहा सब्जी बाजार सहित जगह-जगह लंगर ए हुसैन का वितरण किया गया।कर्बला मैदान में आयोजन समिति द्वारा ताजिया दारों को, अखाड़े में अपनी कला का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं शेरों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन महेश महेश शिवहरे द्वारा किया गया। पर कार्यक्रम में अधिवक्ता गिरधारी लाल ढूंढोरे, अशोक जुनेजा, शरद कुरोलिया, जफ्फू भाई, बकरीदी भाई ज्यारत ख़ान मोहम्मद शमीम, अमीन भाई शम्मी खान, वसीम खान सहित हजारों लोग उपस्थित थे। मन्नत के शेरों का प्रदर्शन मोहर्रम के मौके पर शहर में मन्नत के शेर भी खूब दिखे। अपनी मुरादों के लेकर बने इन शेरों ने नाचकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इमाम हुसैन की याद में माह ए मोहर्रम में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कहीं खिचड़ा, तो कहीं पुलाव एहतमाम किया गया है। वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में ताजियों पर लुबान शिरनी पेश की गई।

## ग्राम भूली के 3 मंदिरों में चोरी

**पांढुर्ना।** कल विकासखंड के ग्राम भूली के 3 मंदिरों में चोरी का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भूली के विठ्ठल मंदिर, हनुमान मंदिर और शिवर मंदिर में रखी दानपेटी, साउंड सिस्टम और अन्य सामग्री लेकर अज्ञात चोर रफुचक्कर हो गए। मंदिर समिति के वृंदेश धर्माधिकारी, अनील पराडकर, दिलीप घागरे और पवन गोरे ने आज पुलिस थाना में इस आशय की शिकायत की। बताया गया है कि आषाढी एकादशी का आज समारोह मनाया जाना था लेकिन इसके एक दिन पूर्व लगभग 70 हजार रू. की चोरी से ग्रामीण दुखी हो गए है।

## 24 को पत्रकारों की होगी बैठक, पत्रकार करेंगे सुरक्षा एवं स्वास्थ्य बीमा पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

आंचलिक श्रमजीवी पत्रकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रीति ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के सभी जिला ब्लॉक तहसील स्तर पर सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया है। सदस्यता अभियान के साथ जिले के प्रत्येक तहसील से जिला कार्यकारिणी के लिए जिला उपाध्यक्ष जिला सचिव-जिला संयुक्त सचिव जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाएंगे। आगे उन्होंने बताया कि आंचलिक श्रमजीवी पत्रकार संगठन- पत्रकार हेतु जिला पत्रकार कोष की स्थापना ,पत्रकार सुरक्षा अधिनियम,पत्रकार अधिमान्यता नियम का सरालिकरण,पत्रकारों पर झूठे मुकदमे मे खात्मा करने,पत्रकार दुर्घटना एवं बीमा के प्रेमियम राशि को शासन द्वारा वहन किया जाने।पत्रकारों का आयुष्मान कार्ड बनवाने पहल की जावेगी। इस तारतम्य में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रीत के आदेशानुसार जिला अध्यक्ष श्याम चौरसिया की सहमति से आंचलिक श्रमजीवी पत्रकार संगठन ब्लॉक जुन्नारदेव की बैठक संपन्न हुई।जिसमें पत्रकारों को संगठित करने, एवं पत्रकारों के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से पी डब्ल्यू डी, रेस्ट हाउस जुन्नारदेव में बैठक ली गई थी। इस बैठक में पत्रकार मोहम्मद ताहिर ने प्रस्ताव रखा कि 24 जुलाई 2024 को बुधवार को पत्रकारों को जोड़कर संगठन का विस्तार किया जाएगा। पत्रकार साथियों में जिला पदाधिकारी व सदस्यों का चयन किया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार संजय जैन (पार्षद एवं अपील समिति सदस्य )मोहम्मद जलील, दुर्गेश डेहरिया, मोहम्मद मुजम्मिल हरीश गोदवानी, सोनू उईके, प्रशांत तैलंग आदि पत्रकार साथी उपस्थित थे।

# अपाक्स संगठन की हुई बैठक गठित की गई नई कार्यकारिणी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर

नगर में बुधवार को अपाक्स अनुसूचित जाति, जनजाति ,पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी संगठनकी विकासखंड स्तरीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। आयोजन अपाक्स एवं अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी संगठन जिला पांढुर्ना जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सालबर्डे,सचिव संदीप चौधरी की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान सभी सदस्यों की प्रमुख उपस्थिति में अपाक्स संगठन की विकासखंड स्तरीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है।विकासखंड संयोजक विजय रेवस्कर,सहसयोजक श्रीमती प्रतिभा बिसेन अध्यक्ष संजय सोमकुवर,कार्य अध्यक्ष रामेश्वर कोल्हटकर,मीडिया अध्यक्ष देवेंद्र उपाध्यक्ष गजानन गोखे, डा इंदौरकर,सचिव राजेश उईके,सहसचिव गजेंद्र मसने, दीपक बोढ़े, कोषाध्यक्ष भाऊराव कुमरे,कोषाध्यक्ष प्रवीण ठाकरे,मीडिया प्रभारी मोरेश्वर वाठ को पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में विभागीय समस्याओं पर उच्च अधिकारियों का ध्यानाकर्षण पर चर्चा की गई। साथ ही जिला ब्लॉक स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय समिति के सभी पदाधिकारीयो ने तथा सदस्यों ने निष्ठा पूर्वक कार्य करने व परस्पर सहयोग से संगठन को अधिक सशक्त बनाने एवं गौरवान्वित करने की शपथ ली। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## मोहर्रम पर्व में हुई दस दिवसीय तकरीर, पौधों का किया वितरण

**चांदामेटा/परासिया।** मोहर्रम पर्व के अवसर पर वार्ड क्रमांक 11 नगर परिषद चांदामेटा कार्यालय के समीप बज्मे नूरी व अता ए रसूल कमेटी चांदामेटा द्वारा दस दिवसीय तकरीर का प्रोग्राम आयोजित किया गया था। जिसकी नौ तारीख को तकरीर के बाद उपस्थित मोमिनों को मौलाना हाजी महमूद द्वारा पौधे वितरित किए गए और शासन के एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने के लिए कहा गया। आज लगातार पेड़ काटे जा रहे हैं जिससे कि जलवायु में अचानक परिवर्तन हो रहा है जिसका खमियाजा जमीन में रहने वालो को भुगतना पड़ रहा है। आने वाली पीढ़ी को इसका सामना न करना पड़े जिसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ लगाना चाहिए जिससे कि धरती पर दोबारा पेड़ों की सख्या बढ सके। ज्ञात हो कि मोहर्रम पर्व की एक से दस तारीख तक कमेटी द्वारा तकरीर का प्रोग्राम रखा गया। जिसमें हजरत इमाम हुसैन एवं कर्बला की जंग में उनके साथ शहीद हुए साथियों से जुड़े बयान बताए गए। जिसमें रोजाना अलग-अलग मौलानाओं के द्वारा तकरीर की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में चांदामेटा शहर सहित अन्य नगरों से भी बड़ी संख्या में मोमिन मुसलमान पहुंचे और तकरीर सुना।



# दातलावादी में वर्षों बाद लगी स्ट्रीट लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव



जुन्नारदेव शहर से लगी हुई ग्राम पंचायत दातलावादी कई वर्षों से कई समस्याओं से जूझ रही है परन्तु जनप्रतिनिधियों का नहीं होता इस और कोई ध्यान सरपंच एवं ग्राम वासियों की मेहनत का नतीजा यह रहा की बरसात के दिनों में होने वाली समस्याओं से निजात मिल्पाई अंतत स्ट्रीट लाइट लग गई दांतला की सड़के हुई रोशन ग्रामीणों के चेहरे पर दिखा उजालाइस खुशी के अवसर पर ग्राम पंचायत दांतला वादी में भव्य जश्न मनाया गया।

वर्षों बाद मिली ऐसी खुशी का ग्रामीणों ने अनोखे तरीके से मनाया जश्न सभी युवाओं ने मिलकर चंदा इकट्ठा कर ग्राम के ही सरपंच विकास सरेआम की मौजूदगी में केक काटकर एवं आतिशबाजी करके ढोल बाजे के साथ जुलूस निकाल कर मनाया जश्न ग्राम पंचायत दांतलावादी के लोगों का कहना है कि जिस तरह सभी ने साथ में मिलकर स्ट्रीट लाइट का काम करवाने में एक दूसरे का सहयोग किया है वैसे ही हमें आगामी समय में जो बड़ी समस्या है पानी की एवं साफ सफाई की जिसको लेकर भी सभी के सहयोग से कार्य को पूर्ण करना है इस अवसर पर इनकी रही विशेष उपस्थिति ग्राम के मुखिया विकास सरेआम जावेद (जब्बू) वासिम शाह अनिल पाटिल आशिक़ शाह नितिन झरबड़े जैद शाह नवाब शाह इरफ़ान कुरैशी ऋतिक यादव रकीब शाह आमिर राजा अजीम भाई भोपाल से स्पेशल सहयोग एवं मार्गदर्शन इमरान खान एवं समस्त ग्रामवासीयों ने आभार माना।

## आज सांसद विवेक बंटी साहू व जिलाध्यक्ष शेषराव यादव का आगमन

**जुन्नारदेवः** छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा का परचम लहराने वाले नवनिर्वाचित सांसद विवेक बंटी साहू व भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव का जुन्नारदेव नगर में देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास व जनता के दिये आशीर्वाद से लोकसभा चुनाव में हुई भाजपा की ऐतिहासिक विजयी श्री हेतु स्वगात व आभार प्रदर्शन कार्यक्रम में नगर आगमन होने जा रहा है।,इस गरिमामयी कार्यक्रम में आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ता बंधु व जनता जनार्दन सादर आमंत्रित । आज 18 जुलाई गुरुवार को समय - 3 बजे- अंशिका लॉन, तामिया रोड, जुन्नारदेव में आगमन हो रहा है। इस स्वागत व आभार प्रदर्शन कार्यक्रम में आप सभी की उपस्थित प्रार्थनीय है।

## मनीष और उसके चार दोस्तों ने किया रक्तदान



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो न केवल जरूरतमंदों की जान बचा सकता है, बल्कि समाज में एकता और मानवता की भावना को भी बढ़ावा देता है। हाल ही में, पांच दोस्तों ने मिलकर रक्तदान करने का निर्णय लिया। यह कदम समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन सकता है। आज मनीष चौहान (मीडिया प्रभारी) `युवा समर्पण रक्तदान एंड वेलफेयर सोसाइटी भारत ,पंकज राहंगडाले,रितेश पांचे,लोकेश खरे,शाहिद खान ये पाँच दोस्त अलग-अलग पृष्ठभूमियों से थे, लेकिन इन्होंने एक साथ आकर इस नेक काम में भाग लिया। रक्तदान के इस महत्त्वपूर्ण कार्य के पीछे उनकी सोच यह थी कि किसी की जिंदगी बचाने से बड़ा कोई और परोपकार नहीं हो सकता। उन्होंने न केवल रक्तदान किया बल्कि दूसरों को भी इस काम में जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

रक्तदान के फायदे न केवल उन मरीजों को होते हैं जिन्हें तत्काल रक्त की आवश्यकता होती है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है और शरीर स्वस्थ रहता है। इस प्रकार के कार्य समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं। पाँच दोस्तों का यह सामूहिक प्रयास निश्चित रूप से एक उदाहरण स्थापित करता है और दूसरों को भी प्रेरित करता है कि वे भी ऐसे नेक कार्यों में हिस्सा लें और समाज के लिए योगदान दें।इस कदम के लिए उन्हें बहुत सराहना मिल रही है, और उम्मीद है कि उनके इस प्रयास से अन्य लोग भी प्रेरित होंगे और रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में अपना सहयोग देंगे।

# जिला उपभोक्ता आयोग ने किया महत्वपूर्ण आदेश : बीमाधारक की पत्नी को 15 लाख रूपये मय ब्याज के अदा करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने मंगलवार को बीमें से जुड़े मामलें में महत्वपूर्ण आदेश किया है। यह आदेश अध्यक्ष श्री श्यामाचरण उपाध्याय एवं सदस्य महेश कुमार चांडक और सदस्य श्रीमति हर्षा बिजेवार की बेंच ने किया है। मामला टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंश कंपनी भोपाल के विरूद्ध बीमा धारक कामेश्वर बागड़े की मृत्यु के बाद वैध वारिस पत्नि श्रीमती सुनिता बागडे निवासी ग्राम मकोड़ी पोस्ट कोथुरना तहसील खैरलांजी के विरुद्ध सेवा में कमी मानते हुए आदेश किये। आदेश के एक माह के भीतर 15 लाख रूपये क्षतिपूर्ति की राशि देनी होगी। राशि पर दावा प्रस्तुति 07 जुलाई से भुगतान दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर से टाटा ए.आई.जी. जनरल इश्योरेंश कंपनी भोपाल को अदा करने के आदेश दिये तथा इंश्योरेंश कंपनी 1000/- रूपये बाद व्यय के रूप में भी अदा करने का

प्रकरण जिला उपभोक्ता आयोग में इस तरह प्रस्तुत किया गया था कि आवेदिका श्रीमती सुनिता बागड़े के पति स्व. कामेश्वर बागड़े ने हिरो मोटोपार्क एचएफ डिलक्स एचएफएनडी मोटर सायकिल 21 जनवरी 2019 को खरीदी थी। जिसका बीमा 'टाटा ए.आई.जी. इश्योरेश कंपनी भोपाल से पास कराया था। बीमा अवधि 20 जनवरी 2019 से 25 जनवरी 2024 तक प्रीमियम रूपये 4405 देकर तथा वाहन स्वामी चालक के लिए 330 रुपये का प्रीमियम 15 लाख रूपये के लिए दुर्घटना बीमा कराया गया था। 13 मई 2019 को वाहन स्वामी कामेश्वर बागडे की एक सड़क दुर्घटना के दौरान मृत्यु हो गई थी। पत्नि श्रीमती सुनिता बागड़े द्वारा संपूर्ण दस्तावेजों के साथ क्लेम प्रकरण बनाकर टाटा ए.आई.जी. जनरल इंश्योरेंश कंपनी भोपाल को भेजा गया था। टाटा ए.आई.जी. जनरल इंश्योरेंस कंपनी भोपाल ने यह कहकर कि मृतक कामेश्वर बागड़े की ड्राईविंग लायसेंस नहीं होने की वजह से क्लेम को निरस्त कर दिया गया था।

जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट में प्रकरण दर्ज होने के उपरांत श्रीमती सुनिता द्वारा पोस्ट मार्टम रिपोर्ट, प्रथम सूचना रिपोर्ट अपराध का विवरण फार्म, मृत्यु प्रमाण पत्र तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किये गए। टाटा ए.आई.जी. जनरल इंश्योरेंश कंपनी भोपाल द्वारा मात्र शपथ-पत्र प्रदान किया गया परन्तु ड्राईविंग लायसेंस तथा अन्य दस्तावेज तथा कोई ठोस साक्ष्य तथा इन्वेसीगेटर का शपथ-पत्र अनावेदक का प्रस्तुत करना दायित्व था। जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट के अध्यक्ष श्री श्यामाचरण उपाध्याय एवं सदस्य महेश कुमार चांडक तथा सदस्य श्रीमति विजेवार की बैंच टाटा ए.आई.जी. जनरल इंश्योरेंश कंपनी भोपाल की बीमा होल्डर कामेश्वर बागड़े की मृत्यु के बाद पत्नी श्रीमती सुनीता बागड़े के पक्ष महत्वपूर्ण आदेश किया गया।

## सेनेटरी प्रोडक्ट पर तोड़ें चुप्पी- खुलकर बात करें, हेल्पिंग हेंड ऑफ बालाघाट ने हाईजिन समस्या पर किया जागरूकता कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** युवतियों और महिलाओं मे मासिक धर्म के दौरान अज्ञानता उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। जिसके लिए उन्हें स्वयं जागरूक होना होगा और तो और समाज एवं परिवार को भी इस बात को समझना होगा कि अब मासिक धर्म में सेनेटरी प्रोडक्ट, पर चुप्पी तोड़े और खुलकर बात करें। यह बात हेल्पिंग हेंड बालाघाट की महिला सदस्य मेघा सेठिया ने कही। उन्होंने बताया कि सेनेटरी प्रोडक्ट, एक ऐसी उपाय है, जिसे युवती और महिलाएं, मासिक धर्म के दौरान उपयोग कर अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित कर सकती है, यह कोई बम नहीं है, जिसको लेकर हम चुप रहे। अब हमें, अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर इस चुप्पी को तोड़ने होगा। उन्होंने बताया कि इसको लेकर हेल्पिंग हेंड ने सेनेटरी प्रोडक्ट पर युवतियों और महिलाओ से खुलकर बात करने को लेकर जागरूकता सेमीनार का आयोजन छात्रावास में किय गया। जहां की छात्राओं को डॉ. कंचन तेजवानी ने लड़कियों को पीसीओडी और पीरियड्स से रिलेटेड प्रॉब्लम को लेकर समझाइश दी गई। साथ ही योग शिक्षिका पूजा चौहान ने विभिन्न तरीके के योग आसन का अभ्यास कराया। सेनेटरी पेड जागरूकता मैनेजर विधि चौरड़िया ने सेनेटरी प्रोडक्ट्स के बारे में डिटेल जानकारी प्रदान की और बताया कि इस विषय में लोग खुल कर बात करने से कतराते है जबकि यह तो शरीर की नॉर्मल प्रोसेस है। जब इस पर फिल्म बन सकती है और टीव्ही पर विज्ञापन आ सकते है तो हम इस पर खुलकर बात क्यों ना करे।

## उत्कृष्ट कार्टूनिंग के लिए सागर कुमार को मिला वाग्धारा सम्मान

# दिल्ली में 33 वें अट्टहास सम्मान समारोह में किए गए सम्मानित

### वारासिवनी की धरा ग्राम सिर्रा के निवासी हैं सागर कुमार

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



बालाघाट जिले की वारासिवनी तहसील के ग्राम सिर्रा के सुपुत्र व देश के प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट संतोष कुमार बिसेन उर्फ सागर कुमार को दिल्ली के हिंदी भवन में वाग्धारा सम्मान से सम्मानित किया गया हैं। यह पुरस्कार देश की प्रसिद्ध व्यंग पत्रिका अट्टहास के 33 वें अट्टहास सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। यह सम्मान समारोह व्यंग पत्रिका अट्टहास और दिल्ली के माध्यम साहित्यिक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली के हिंदी भवन में आयोजित हुआ था।

इस समारोह में पद्मश्री अशोक चक्रधर, माध्यम साहित्यिक संस्थान के चैयरमेन कप्तान सिंह, अट्टहास के सम्पादक अनूप श्रीवास्तव और माध्यम साहित्यिक संस्थान के चैयरमेन रामकिशोर उपाध्याय ने सागर कुमार को उनके 29 सालों से कार्टूनिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया।

ज्ञातव्य हो कि पिछले वर्ष 32 वें अट्टहास सम्मान समारोह में सागर कुमार को देश के प्रतिष्ठित अट्टहास सम्मान से नवाजा जा चुका है। यह वो सम्मान है, जिससे अशोक चक्रधर, प्रेम जन्मेजय, गिरीश पंकज जैसे अनेकों बड़े व्यंगकार, साहित्यकार सम्मानित हो चुके हैं। सागर कुमार देश के पहले ऐसे कार्टूनिस्ट हैं, जिन्हें इन दोनों सम्मान से नवाजा जा चुका है। लगातार 29 सालों से देश ही नहीं विदेशों में भी सागर कुमार के बनाये कार्टूनों की धूम रही है।

## विश्व युवा कौशल एवं विश्व जनसंख्या दिवस का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना अन्तर्गत 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस एवं विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा द्वारा अतिथियों के आथित्य सत्कार में स्वागत गीत गाकर किया गया। कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत द्वारा की गई। विश्व युवा कौशल दिवस एवं जनसंख्या दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. ज्योति सिंह सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय नैनपुर में व्यक्तित्व विकास को विभिन्न सोपानों के माध्यम समझाया साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरो को प्राथमिकता देने एवं लघु उद्योग व कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

## निर्माणाधीन सीएमराइज स्कूल भवन का विधायक ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

# बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए नहीं करेंगे कोई कमी : पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



वारासिवनी जनपद पंचायत ग्राम वारा में 27 करोड़ 39 लाख 63 हजार रूपये की लागत से बन रहे सी एम राइज स्कूल के नवीन भवन का क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने एसडीएम राजीव रंजन पांडे, ठेकेदार और अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से भवन के संबंध में चर्चा की और ठेकेदार को बेहतर गुणवत्तापूर्वक कार्य करने के लिए निर्देशित कर तय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### स्कूल के प्राचार्य ने विधायक से की फर्नीचर की मांग

विद्यालय में लगातार बढ़ रही विद्यार्थियों की संख्या के बीच उनके बैठने के लिए कुर्सी टेबलों की हो रही कमी से चिंतित विद्यालय के प्राचार्य हुमराज पटले ने विधायक विवेक पटेल से विद्यालय को अतिरिक्त फर्नीचर उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि विद्यार्थियों को बैठने में किसी तरह की परेशानी ना हो। जिस पर विधायक ने उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही स्कूल में फर्नीचर की व्यवस्था करवा दी जाएंगी।

### सर्वसुविधा युक्त होगा सीएम राइज स्कूल का नया भवन- विवेक पटेल

विधायक विवेक पटेल ने कहा कि निजी स्कूल की तर्ज पर सी एम राइज स्कूल में नए भवन का निर्माण किया जा रहा हैं। निजी स्कूल की तरह ही अब शासकीय स्कूल में भी सुविधा मिलेगी, नए भवन के लिए निर्माण कार्य जारी हैं। यह भवन शीघ्र बनकर तैयार होगा, जिससे छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित गुरुजनों द्वारा बेहतर शिक्षा प्रदान की जाएंगी।

**विद्यालय भवन निर्माण में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहींः** उन्होंने विद्यालय का निर्माण उच्च गुणवत्ता का करवाने के लिए अधिकारियों और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय के भवन निर्माण में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, निर्माण के दौरान उच्च गुणवत्ता का निर्माण एजेंसी ध्यान रखे।

उन्होंने कहा कि विद्यालय भवन बनने के बाद सी एम राइस स्कूल में खेल मैदान, स्मार्ट क्लासेस, छात्रों को रहने की सुविधाओं सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी, ताकि विद्यार्थियों को शासन की मंशानुरूप अच्छी बेहतर और उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके।




# दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे एलएनटी कंपनी के सड़क सुधार कार्य, 132केवी लाईट से हो सकता है बड़ा हादसा

## बंजारी सहित अन्य पहाड़ियो में किसी भी समय भसक जाते हैं पत्थर

**एलएनटी कम्पनी द्वारा निर्मित नेशनल हाइवे क्रमांक 34 इन दिनों सुलभ मार्ग की सारी हदें पार करते हुए आम आदमी के लिए मौत का सफ़र बन गई है जिसमें मेंटेनेंस के नाम पर बिना सुरक्षा व्यवस्था के रोडो को खोदकर पुनः बनाया जा रहा है आश्चर्य की बात यह है कि जिन जगह पर मेंटेंस किया जा रहा है उनमें फ़िर से धसी हुई रोड़ के हिस्सों पर अनेकों क्रैक देखे जा सकते हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

जिससे संबंधित ठेकेदार की 5 साल की जमा मेंटेनेंस राशि निकल कर निम्न गुणवत्ता वाले मेंटेन्स कार्य किया जा रहा है आपको बता दें कि एलएनटी कंपनी के कर्मचारियों एवम वरिष्ठ अधिकारियों की जुगलबंधी के चलते सरकारी पैसो को पलीता लगाने की होड़ लगी है।

### कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

132केवी की जबलपुर से लखनादौन के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति करने वाली लाईन जो कि धूमा बंजारी की पहाड़ी से होकर गुजरती हैं जिसमें अनवरत रूप से 132केवी का करंट 24घंटे दौड़ता रहता है इस और इस मार्ग से जबलपुर से नागपुर होते हुए सैकड़ो बाहनो का आना-जाना जारी रहता है जहां पर हजारों की संख्या में यात्री व स्कूली छात्र छात्राओं सहित कॉलेज के छात्र जबलपुर आना जाना करते हैं वही बंजारी घाट के नीचे पहाड़ियो के धशक रही है धूमा बंजारी की पहाड़ी की टहनी में 132 केवी का पोल गड़ा हुआ है आपको बता दें कि पहाड़ि के धसने के कारण उसमें लगे 132 केवी की लाइन कभी भी खंबे सहित फोरवे रोड़ में गिर सकती है ढलान होने से तेज रफ़्तार में आती जाती बस ,ट्रक आदि छोटे बड़े वाहन में बैठे यात्री इसके शिकार हो सकते हैं किसी बड़ी दुर्घटना घटने से पहले जिले के कलेक्टर महोदय का ध्यान आकर्षण करते हुए उन हजारों लोगों की जान के साथ जो खिलवाड़ किया जा रहा है उसे और आपका ध्यान इन खबरों के माध्यम से आकर्षित करने का हम प्रयास कर रहे हैं एलएनटी कंपनी के अधिकारी एवम मेंटेन्स कर्मचारियों द्वारा नियम से कार्य करने हेतु आदेशित करने करने का क्षेत्रीय जनों का आग्रह है

### बंजारी घाट में किसी भी समय भसक जाते हैं पत्थर

धूमा बंजारी घाट सहित अन्य घाटों में अचानक से पत्थरों एवम पेड़ो का भर भराकर गिरना आम बात हो गई है जिसमें आने जाने वाले वाहनों एवम राहगीरों को किसी भी समय जान गंवानी पड़ सकती है जिसमें अनेकों बार एलएनटी कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी बार-बार हिदायत देने के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे हैं इस संबंध में एनएएचआई के प्रॉजेक्ट मैनेजर से बात की गई तो वो अपनी जाबदेही से बचते नजर आये येसी विकट परिस्थितियों में नेशनल हाइवे 34 का भगवान ही मालिक है वही जिला प्रशासन प्रमुख कलेक्टर सिवनी से उक्त मामले की जानकारी देने पर संबंधित अधिकारियों से वात की गई

### लापरवाही से हो चुकी दर्जनों मौत

भारत सरकार क्षेत्र के हर व्यक्ति को सुगम सड़क मार्ग से आने जाने में सुगमता हो वह समय पर अपने गंतव्य पर पहुंच सके लेकिन एलएनटी कंपनी की घोर लापरवाही के चलते अनेकों लोग घर पहुंचने के स्थान पर सीधे शमशान का रास्ता नापना रहे हैं आपको बता दें कि एलएनटी कंपनी द्वारा कराई जा रहे मेंटेनेंस कार्य में अनेकों को स्थान पर रोड खोद दी गई है जहां पर की बगैर परिवर्तित मार्ग बनाए रोड में निम्न गुणवत्ता का माल भर दिया जाता है और हफ्ता 15 दिन में मेंटेनेंस की गई जगह या तो फिर से धस जाती है या उसमें बड़े-बड़े क्रैक जाते हैं जिसके कारण छोटे बड़े वाहन अनबेलेंस होकर पलट जाते हैं बरसात के मौसम में गाड़ियां स्लिप मार कर पलटना आम बात हो गई है जहां पर की देखने में मिलता है सप्ताह मैं दर्जनों गाड़ियों का पलटना अनेकों लोगों का जान गवना आम हो गया है लेकिन इन एलएनटी कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी अपनी कुंभकर्णी नींद से जागने का नाम नहीं ले रहे और नाही अपनी कार्य प्रणाली में किसी भी प्रकार का सुधार किया जा रहा है इन बारिश के मौसम में रास्ते में जगह-जगह अनेकों जगह मूक जानवर कुते बिल्ली भेढ बकरी, गाय भैंस बंदर आदि रास्ते में मृत पड़े रहते हैं इन्हें हटाने की जवाबदारी कम्पनी की होती हैं इन्हें नहीं हटाया जाता बहके सड़ गल कर बही पड़े दुर्गन्ध मारते रहते हैं एलएनटी कंपनी के द्वारा बनाई गई सड़कों में खोदे गए पहाड़ों से इन समय बड़ी-बड़ी दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है जहां पर की उन पहाड़ियों से किसी भी समय भर भर कर पत्थर मिट्टी और पेड़ गिरकर लोगो को नुक्सान पुहुचा रहे हैं साथ ही बड़ी अनहोनी होने का अंदेशा हर समय बना रहता है साथ ही सड़क मार्ग में लगाई गई प्रकाश व्यवस्था भी बद से बदतर हो गई है लाईट के अनको जगह बन्द पड़ी है जिस ओर जिले के नवागत कलेक्टर महोदय के ध्यान आकर्षण की अत्यंत आवश्यकता है

### इनका कहना है

हमारा ठेका कुछ ही महीनों में खत्म होने बाला है सड़क सुधार कार्य की गड़बड़ी को दिखवाता हूं,रोड मे पड़े मृत जानवरों को हटाया जाता है।
**प्रोजेक्ट मैनेजर एनएएचआई वैभव**

संबंधित अधिकारियों से बात कर उचित हल निकाला जायेगा।
**जिला कलेक्टर संस्कृति जैन**

## खबर संक्षेप

### आठ दिवसीय महामय नंदीश्वर विधान का आयोजन जारी

लखनादौन में परम पूज्य आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के शिष्य प्रणमर सागर जी महाराज द्वारा रचित, अष्टांका पर्व पर आयोजित , आठ दिवसीय महामय नंदीश्वर विधान का आयोजन बड़े जैन मंदिर में बड़े ही भक्ति भाव एवं संगीत मय तरीके से चल रहा है ,जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, बिधानाचार्य देवेंद्र जैन पंचरतन के निर्देशन मे विधान का आयोजन चल रहा है , इस विधान में 5664,अर्घ्य समर्पित होंगे, प्रातः 7:00 बजे अभिषेक पूजन संपन्न होता है शांति धारा संपन्न की जाती है , शांति धारा का बाचन बहन अर्चना जी बहन कविता जी द्वारा किया जाता है, विधान विधान में समाज के हर वर्ग के लोग पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं शाम को 48 दीपक द्वारा बड़े बाबा की आरती एवं भक्तांबर पाठ का आयोजन किया जाता है।

### कपिल पांडे सांसद प्रतिनिधि नियुक्त

सिवनी :- बालाघाट सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी ने अपने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सिवनी जिला मुख्यालय की नरगर पालिका परिषद में भाजपा कार्यकत्रा एवं जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी कपिल पांडे को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है और विश्वास व्यक्त किया है कि श्री पांडे सांसद प्रतिनिधि के रूप में जनहित के कार्यो को और नगर के विकास के मुद्दों और समस्याओं पर पूरी सक्रियता से इस दायित्व का निर्वाहन करें ।

## मनमानी पर रोक लगाने स्कूलों में लगेगा शिक्षकों, स्टाफ की जानकारी का बोर्ड

**सिवनी।** जिले के सरकारी स्कूलों में पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाओं और पदस्थ अन्य स्टाफ की मनमानी में अब कमी आएगी। सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने स्कूलों में स्कूल खुलने का समय, पदस्थ शिक्षकों व अन्य स्टाफ की जानकारी का बोर्ड लगाने के लिए निर्देशित किया है। अक्सर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में शहर से अपडाउन करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाएं स्कूल खुलने के बाद स्कूल पहुंचते हैं और समय से पहले चले जाते है। बैठक में कलेक्टर संस्कृति जैन ने सभी सीईओ जनपदों को चिन्हांकित 218 तालाबों के पट्टे आवंटन प्रक्रिया को प्राथमिकता में लेकर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इसके साथ-साथ चरनोई भूमि चिन्हांकन करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जिला खनिज अधिकारी को मानसून के दौरान रेत खनन प्रतिबंधित होने से प्रत्येक वैध खदानों में उक्ताशय का नोटिस बोर्ड लगाने के लिए निर्देशित किया है। इसके साथ-साथ रेत भंडारण के लिए चिन्हांकित स्थल पर भी नोटिस बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### छपारा सीईओ को नाटिस जारी करने के निर्देश

कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्प लाउन की लंबित, जिलेवार रैंकिंग के लिए चयनित शिकायतों की निराकरण स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों को प्राथमिकता से संतुष्टि के साथ बंद किए जाने के प्रयास किए जाए। उन्होंने पीएम जनमन योजना की विकासखंडवार समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत छपारा की अपेक्षानुरूप प्रगति न पाए जाने पर सीईओ छपारा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने लोकसेवा अधिनियम अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं के निष्पादन की प्रगति की समीक्षा कर अधिनियम अंतर्गत पदावदित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अधिनियम में अधिसूचित कोई भी सेवा समय बाह्य न हो, सभी सेवाओं का समय-सीमा में हितग्राही को लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।
कलेक्टर ने मानसून के दौरान मलेरिया, डेंगू के प्रसारित होने की संभावना देखते हुए स्वास्थ्य विभाग व स्थानीय निकाय को समन्वय बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने आवश्यक दवाइयों के छिड़काव के साथ-साथ जनजागरूकता फैलाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल चनाप, अपर कलेक्टर सुनीता खंडायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

## ब्यूटी पार्लर सहित अन्य स्थानों पर आबकारी विभाग ने मारा छापा, जप्त की अवैध शराब

**जिले के बरघाट सहित अन्य स्थानों पर आबकारी अमले ने दबिश दी और ब्यूटी पार्लर व अन्य स्थानों से अवैध शराब के साथ लोगों को गिरफ्तार किया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।



आबकारी विभाग को जानकारी मिली थी की बरघाट मुख्यालय के एक ब्यूटी पार्लर व अन्य स्थानों में शराब के अवैध काम हो रहे है। जिसके बाद आबकारी अमले ने टीम बनाकर छापे की कार्रवाई की। सहायक आबकारी अधिकारी प्रणय श्रीवास्तव ने बुधवार दोपहर 1 बजे बताया कि बरघाट तहसील के ग्रामीण क्षेत्र खूंट में आरव ब्यूटी पार्लर में अवैध देशी, विदेशी और कच्ची शराब संग्रहित कर रखी पाई गई। जिसे वहां से बेचने का काम किया जा रहा था। पकड़ी गई शराब में 12 लीटर अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब, चार बोतल बियर और पांच पाव ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की के बरामद किए गए। इस मामले में संतोष भलावी आत्मज संतलाल भलावी उम्र 39 वर्ष निवासी खूंट को हिरासत में लिया गया। जिसके विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण कायम किया गया है। बरघाट क्षेत्र के ग्राम सिंगपुर में राजेंद्र परते आत्मज चंदर सिंह उम्र 32 वर्ष के रिहायशी मकान में छापा मारकर उसके कब्जे से दस लीटर अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद कर जब्त की गई और उसके विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क के अंतर्गत अपराधिक मामला कायम किया गया है।

### धनौरा राजस्व और जनपद पंचायत अमले ने की कार्रवाई

## 18 एकड़ शासकीय भूमि से हटाया कब्जाः 7 हजार पौधों का होगा रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड धनोरा के अंतर्गत आने वाले हिंगवानी ग्राम के समीप 18 एकड़ शासकीय भूमि से आज दोपहर कब्जे हटाने की कार्रवाई राजस्व व स्थानीय प्रशासन ने की है। धनोरा तहसीलदार अखिलेश कुसराम ने बताया कि जिला कलेक्टर व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में आज धनोरा अंतर्गत आने वाले हिंगवानी ग्राम में 18 एकड़ से अधिक जमीन में कुछ लोगों ने अतिक्रमण किया था।

जिन्हें हटाकर जमीन को हाईटेक प्लांटेशन के लिए चिह्नित किया गया है। इस जमीन में 7 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्रवाई के दौरान धनोरा तहसीलदार अखिलेश कुशराम, राजस्व निरीक्षक विजय परतेती, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओमकार सिंह ठाकुर, एपीओ भूपेंद्र राजपूत, पटवारी वैशाली यादव, कमलेश, सुशील यादव सहित राजस्व व जनपद अमला मौजूद रहा।

## उल्टी दस्त के चलते कई बीमार, आधा दर्जन बीमारों को पहुंचाया गया जिला चिकित्सालय

**जिले के कामता ग्राम का मामला एक बच्चे की मौत भी संदेह के घेरे में प्रथम दृष्टया दूषित पानी पीने को बताई जा रही वजह।**

आज सुबह सिवनी जिले के कामता ग्राम पंचायत मुख्यालय में सनसनी फैल गई जब उल्टी दस्त से बीमार लोगों के लगातार मामले सामने आने लगे अभी तक आधा दर्जन से अधिक मामले सामने आए हैं। बीमारों में अधिकतर बच्चे शामिल हैं। सभी बीमारों को जिला चिकित्सालय सिवनी पहुंचाया गया। सुबह-सुबह शरीर में जकडन और तेज बुखार से एक 05 वर्षीय बच्चे की मौत हुई है इसके पीछे की वजह भी प्रशासन जानने की कोशिश कर रहा है। फिलहाल प्रशासनिक अमला जिला मुख्यालय से आई स्वास्थ्य विभाग,PHE के अधिकारियों और डॉक्टरों की टीम जांच में जुटी है। जांच के उपरांत ही असल वजह निकल कर सामने आएगी।

## झाड़-फूंक करा रही थी गर्भवती, स्वास्थ्य अमले ने बचाई जान



जिले में गंभीर हालत में गर्भवती महिला नम्रता इनवाती को झाड़-फूंक से उपचार कराया जा रहा था। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मनीषा सिरसाम की दखल के बाद महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकन पॉक्स का उपचार हुआ और वह स्वस्थ होकर घर लौट गई।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिले में चल रहे उच्च जोखिम महिलाओं व गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन के तहत अंतरा फाउंडेशन के साथ लखनादौन ब्लॉक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मनीषा सिरसाम, मारूफ मिर्जा और एमएच कोऑर्डिनेटर कविता खोब्रागडे ने ब्लाक में चल रही सेक्टर समीक्षा बैठक का निरीक्षण किया।
इस दौरान उन्होंने सेक्टर सिरमंगनी विकासखंड लखनादौन और आदेगांव में बैठक की। आदेगांव सेक्टर की बैठक में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के केस-टू-केस समीक्षा के दौरान एएनएम जोबा साहू ने हाई रिस्क गर्भवती नम्रता इनवाती के बारे में बताया। इस महिला के परिवार के लोग बाबा से उपचार कराने के चक्कर में थे। स्वास्थ्य विभाग की दखल के बाद महिला की जान बच सकी। बैठक में एएनएम ने बताया कि था कि नम्रता के परिवार वालों पर एक स्थानीय झाड-फूंक वाले बाबा का बहुत गहरा प्रभाव था। हाई रिस्क होने के बाद भी वह बाबा से उपचार करवा रहे थे। इसकी जानकारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मनीषा सिरसाम को बैठक के दौरान लगी, तब इस गंभीर स्थिति को देखते मनीषा सिरसाम ने महिला के घर का दौरा किया। जब महिला वहां नहीं मिली तो मढ़िये के पास गए, जहां बाबा के घर में नम्रता की हालत और भी खराब पाई गई। जिला स्तरीय अधिकारियों ने जब नम्रता को अस्पताल चलने को कहा तो बाबा व घर वाले सहमत नहीं हुए। तब जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि वह पुलिस बुला रही है। तब परिजन और बाबा नम्रता को अस्पताल भेजने के लिए सहमत हुए। 108 वाहन से नम्रता को जिला अस्पताल सिवनी में भर्ती कराया गया। यहां जांच के दौरान महिला को चिकन पॉक्स भी पाया गया, जिसके बाद उसे आइसोलेशन में रखकर उपचार किया गया। यहां उपचार के बाद नम्रता को स्वस्थ और सुरक्षित उसके घर वापस पहुंचाया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी मनीषा सिरसाम ने लोगों से झाड-फूंक में विश्वास नहीं करने की अपील की है।

## कलेक्टर सुश्री जैन ने नगरीय निकायों की विभागीय समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक का आयोजन मंगलवार 16 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा जिले की नगरपालिका सिवनी सहित नगरपरिषद बरघाट, लखनादौन, केवलारी एवं छपारा अंतर्गत संचालित किए जा रहे विकास कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में सभी निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित सभी सबइंजीनियर एवं अधिनस्थ अमले की उपस्थिति रही।

बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा निकायवार निर्माण कार्यों की समीक्षा कर प्रगतिरत सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों को विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा सभी निकायों के अधिकारियों को बारिश के दौरान जल भराव की समस्या को ध्यान में रखते हुए नालों की सफाई सहित जल निकासी व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा निकाय अंतर्गत संचालित किए जाने वाले स्वरोजगार योजनाओं एवं कौशल उन्नयन परियोजनाओं की भी निकायवार लक्ष्यानुरूप प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, वहीं नगरीय क्षेत्र की साफ-सफाई एवं अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन को लेकर भी विस्तृत दिशा-निर्देश सभी निकायों के अधिकारियों को दिए गए हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों के त्वरित निराकरण को लेकर भी निकाय के अधिकारियों को निर्देशित किया है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन उद्योगों की संभावनाओं तथा निवेश क्षेत्रों को लेकर जिले के उद्योगपतियों से की चर्चा

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंचल में विभिन्न उद्योगों की स्थापना के नवीन अवसरों तथा निवेश की संभावनाओं को लेकर अपने छिंदवाड़ा जिले के प्रवास के दौरान वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से पांढुर्ना, बालाघाट तथा सिवनी जिले के उद्योगपतियों से विस्तृत चर्चा की।**



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उन्होंने उद्योगपतियों से चर्चा कर उनके जिले में नवीन उद्योगों की स्थापना की संभावनाओं पर चर्चा की साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा के दौरान सिवनी जिले के उद्योगपति संजय मालू द्वारा सिवनी जिले से राष्ट्रीय राजमार्ग-44 जाने से जिले को लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित करने की संभावनाओं का सुझाव दिया। उद्योगपति अभिषेक जेठानी द्वारा जिले में प्रचूर मात्रा में उत्पादित होने वाले जंबो सीताफल सहित अन्य कृषि उत्पादों की फूड-प्रोसेसिंग को प्रोत्साहित करने तथा सिंगल विंडो सिस्टम को दुरूस्थ करने एवं त्वरित करने का सुझाव दिया, वहीं उद्योगपति प्रत्युष नेमा ने जिले के उद्योगों के आवश्यकतानुरूप कौशल उन्नयन को प्राथमिकता देने वहीं उद्योगपति योगेन्द्र पाठक ने भुरकलखापा औद्योगिक क्षेत्र में पानी की समस्या के निदान के लिए बड़े सरोवर के निर्माण का सुझाव दिया। इस अवसर पर एनआईसी कक्ष सिवनी में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, सहायक कलेक्टर श्री पंकज वर्मा, महाप्रबंधक श्री आर एस उइके सहित जिले के अग्रणी उद्योगपतियो की उपस्थिति रही।

## तीन दशक पहले तक शहर के अंदर अस्तित्व में रही बबरिया नहर पर हुए कब्जों की जांच चार माह से बंद

**सिवनी।** तीन दशक पहले तक शहर के अंदर अस्तित्व में रही बबरिया नहर पर हुए कब्जों की जांच चार माह से बंद है। नहर की जमीन पर कब्जा कर अनेक लोगों ने बहुमंजिला इमारत तान दी है। फरवरी माह में सीमांकन शुरु होने के बाद कब्जा करने वालों में हडक्रंप मच गया था।राजस्व विभाग की टीम ने नगर पालिका के अमले के साथ बबरिया रोड पर प्रकाश कालोनी के पास से नाप-जोख की शुरुआत किया था। इस कार्रवाई के पहले ही दिन कई निर्माण जमीन में नहर के ऊपर पाए गए थे।इनमें मकानों के साथ ही दुकानें, बाउंड्रीवाल का निर्माण भी पाया गया था।कुछ दिन तो जांच और सीमांकन की कार्रवाई की गई इसके बाद से जांच और कार्रवाई करने की ओर प्रशासन भूल गया है। जानकारी के अनुसार नहर की जमीन के सीमांकन का कार्य पूरा हो गया है लेकिन इसका प्रतिवेदन अब तक नगरपालिका को नहीं सौंपा गया है।ना तो नगर पालिका नहर की जमीन में हुए पक्के कब्जों को हटाने में रुचि दिखा रही है और ना ही सीमांकन कार्रवाई में शामिल राजस्व अमला कार्रवाई को आगे बढ़ा रहा है।जांच में पुलिस अधीक्षक निवास के पास कई पक्के मकान व अन्य निर्माण नहर की जमीन में पाए गए हैं।इसके बावजूद पांच माह बीतने के बाद भी कोई कब्जा हटाने या कब्जा करने वालों पर कार्रवाई नहीं की जा सकी है।

### साधारण सम्मिलन में पारित हुआ था प्रस्ताव

इसी साल नौ जनवरी को हुए नगर पालिका के साधारण सम्मिलन में सर्वसम्मति से नहर की जमीन का सीमांकन कराने का प्रस्ताव पारित हुआ था।सम्मिलन में तय किया गया था कि गायब हो चुकी नहर के ऊपर अतिक्रमण कर बनाए गए निर्माणों को तोड़ा जाएगा।इसके बाद नगर पालिका सीएमओ आरके कुर्वेती ने तहसीलदार को सीमांकन के लिए पत्र लिखा था।इसके बाद फरवरी माह में सीमांकन का कार्य शुरू होते ही कब्जे करने वालों में हड़कंप मच गया था।कुछ दिनों बाद ही लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने से सीमांकन की कार्रवाई में रोक दी गई।आचार संहिता समाप्त होने के एक माह से अधिक बीत जाने के बाद भी दोबारा जांच शुरू करने व कब्जे हटाने के लिए कार्रवाई शुरू नहीं की जा सकी है।

## खबर संक्षेप

### महिला से छेड़छाड़ के आरोपी की जमानत रद्द

**कटंगी।** घर में अकेली महिला पाकर उसके साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी का माननीय व्यवहार न्यायालय कटंगी ने जमानत आवेदन निरस्त कर दिया है. आरोपी को जेल भेजा गया. गत दिवस तिरोड़ी थाने में एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी शत्रुधन पुष्पतोड़े ने उन्हें घर में अकेला पाकर बुरी नियत से छेड़छाड़ की. महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 331, 74, 75 (2) की कार्रवाई की और आरोपी को पुलिस गिरफ्तार किया. पुलिस ने आरोपी को माननीय व्यवहार न्यायालय कटंगी में न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा पाण्डेय के समक्ष पेश किया. आरोपी की तरफ से जमानत आवेदन लगाया गया था. जिसे माननीय न्यायालय ने निरस्त करते हुए आरोपी की जेल भिजवा दिया. सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कटंगी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि प्रकरण के तथ्यों, परिस्थितियों और साक्ष्यों के आधार और अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर माननीय न्यायालय ने आरोपी का जमानत आवेदन निरस्त किया।

### मारपीट के 5 साल पुराने मामले में 03 लोगों को कारावास की सजा

**कटंगी।** 05 साल पुराने मामले में माननीय व्यवहार न्यायालय कटंगी ने सुनवाई करते हुए 03 दोषियों को 01-01 वर्ष का कारावास और कुल 4500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है. माननीय न्यायालय श्रीमती नेहा ठाकुर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने यह फैसला सुनाया है. सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2019 में आरोपी जितेन्द्र उर्फ जित्तु लिल्हारे, सहेन्द्र लिल्हारे और दल्लु उर्फ रविन्द्र लिल्हारे तीनां निवासी ग्राम मंगलेगांव ने अपनी ही गांव के निवासी दुर्गाप्रसाद लिल्हारे के साथ 4 नवबंर 2019 को गजपुर रोड़ पर पुराने विवाद को लेकर मारपीट की थी. पुलिस ने दुर्गा प्रसाद की रपट पर तीनों के खिलाफ धारा 341, 325/34, 294 में अपराध पंजीबद्ध किया था. पुलिस ने विवेचना कार्रवाई पूर्ण कर मामले को माननीय न्यायालय में पेश किया था. माननीय न्यायालय ने दोषियों को धारा 341 में 500-500 का अर्थदंड धारा 325/34 भादंवि में सभी को 01-01 वर्ष का कारावास और 1000-1000 रुपये का अर्थदंड का आदेश दिया है।

### जिले में अब तक 12 इंच से अधिक हुई वर्षा

**बालाघाट।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की 11 तहसीलों में कुल औसत वर्षा 303.2 मिमी वर्षा हुई है। अगर इंच में बारिश देखें तो 1 जून से लेकर अब तक 12 इंच से अधिक वर्षा हो चुकी है। तहसीलवार बारिश की स्थिति जाने तो अब तक सबसे अधिक वर्षा वारासिवनी तहसील में 16 इंच से अधिक यानी 413.5 मिमी हुई है। इसके बाद बैहर में 394.8 मिमी 15 इंच से अधिक, परसवाड़ा में 380.2 मिमी 15 इंच से अधिक, बालाघाट में 364.4 मिमी लगभग 14 इंच स्व अधिक, तिरोड़ी में 349.2 मिमी.13 इंच से अधिक, बिरसा में 338.1 मिमी 13 इंच से अधिक, लालबर्रा में 294.4 मिमी लगभग 12 इंच से अधिक और सबसे कम खैरलांजी में 150 मिमी अर्थात 6 इंच करीब वर्षा हुई है।

### पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास में रिक्त सीट के आवेदन आमंत्रित

**बालाघाट।** शासकीय पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास बालाघाट, खैरलांजी एवं कन्या छात्रावास बालाघाट में रिक्त सीट पर सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिये महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई हे। प्रवेश के लिये इच्छुक विद्यार्थी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में आवश्यक समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यालय अधीक्षक पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास बालाघाट (उत्कृष्ट मैदान के पीछे, पुराने डी.ई.ओ आफिस के बाजू मे), कार्यालय अधीक्षक पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास बालाघाट (आकाशवाणी केन्द्र के पीछे, पावर हाउस के सामने) एवं कार्यालय अधीक्षक पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास खैरलांजी (किन्ही) में कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर जमा कर सकते है।

### भाजपा विधायक ने सरकार से अधिकृत आउटसोर्स भर्ती कंपनियों पर उठाए सवाल, कहा विधानसभा में उठाउंगा मामला

# आउटसोर्स भर्ती में आवेदकों से मांगे जा रहे दो-दो लाख रूपए

हरिभूमि न्यूज लांजी।

मध्यप्रदेश में सत्ताधारी दल बीजेपी के ही विधायक ने अपनी सरकार के सिस्टम पर सवाल उठाए हैं। बालाघाट के लांजी से बीजेपी विधायक राजकुमार कर्राहे का कहना है कि नौकरी के नाम पर बेरोजगारों से पैसों की मांग की जा रही है। इतना ही नहीं भर्ती होने पर उनके वेतन से 6-8 हजार रुपए काटकर दिए जा रहे हैं।

इस पर कांग्रेस का कहना है कि विधायक हकीकत बयां कर रहे हैं। सरकार को इस मामले में कार्रवाई करना चाहिए।

लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। विधायक का कहना है कि आउटसोर्स के जरिए हो रही भर्ती में फर्जीवाड़ा चल रहा है। गुजराती और राजस्थान की कंपनियों के जरिए सरकारी विभागों में आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती कराई जा रही है। ये कंपनियां बेरोजगार नौजवानों से भर्ती के नाम पर 2-2 लाख रुपए की मांग कर रही हैं। विधायक ने कहा कि प्रदेश में ठेकेदारी प्रथा से स्कूल, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा विभाग में आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती की गई है।

#### नियुक्ति के बाद भी 6-8 हजार रुपए काटते हैं

विधायक ने कहा कि अभी राजस्व एवं महिला बाल विकास विभाग में आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती होना है। इसमें आवेदन करने वाले आवेदकों से 2-2 लाख रूपए मांगे जा रहे हैं और नियुक्ति होती है तो कंपनी, आवेदकों को पूरा पेमेंट न देकर 6 से 8 हजार रुपए पेमेंट काटकर पैसा देती है।

#### ऐसे तो आदिवासी इलाके के युवा बेरोजगार रह जाएंगे

विधायक राजकुमार ने कहा- यह उन आवेदकों का शोषण है, जो गरीब आदिवासी परिवार के हैं और नौकरी की उम्मीद पाले हैं, ऐसे में उनकी तो नौकरी लगेगी ही नहीं और वो बेरोजगार रह जाएंगे। ये कंपनियां न सिर्फ युवाओं के साथ धोखा कर रही हैं बल्कि इससे सरकार की छवि भी खराब हो रही है।

#### बीजेपी विधायक बोले- विधानसभा में उठाऊंगा मामला

विधायक ने कहा- आउटसोर्स भर्ती में आवेदकों से नियुक्ति के नाम पर रुपए मांगने और कर्मचारियों को राशि काटकर भुगतान करने के मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा करुंगा। मुझे पूरा भरोसा है कि वो इस अन्याय को नहीं होने देंगे। साथ ही विधानसभा में इस मामले को उठाऊंगा, ताकि सदन का ध्यान आकर्षित करके आदिवासी और गरीब परिवार के युवाओं को रोजगार दिलाया जा सके।

#### कांग्रेस ने कहा- विधायक ने हकीकत बयां की

बालाघाट जिले के परसवाड़ा से कांग्रेस विधायक मधु भगत ने कहा कि आउटसोर्स पैसा कमाने का एक रास्ता है। यदि सरकार के विधायक ऐसा बयान दे रहे हैं तो वह सच्चाई से वाकिफ और परिचित हैं। उनके



सामने कई ऐसे आवेदक उदाहरण स्वरूप आए होंगे। वह जो हकीकत बयां कर रहे हैं, हम उससे इंकार नहीं करते हैं। सरकार को इस मामले में कदम उठाना चाहिए और विचार करना चाहिए।

## कायदी सचिव गायत्री गोस्वामी निलंबित

### वरिष्ठ कार्यालय के आदेश की अवहेलना व रिकार्ड संधारित नहीं रखने का आरोप

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कायदी की सचिव गायत्री गोस्वामी को जिला पंचायत बालाघाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी एस रणदा ने वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में निलंबित कर दिया हैं। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी और उनका मुख्यालय जनपद पंचायत वारासिवनी रखा गया हैं।

#### 11 जुलाई को जिला सीईओ ने दिया था कारण बताओ नोटिस

जिला पंचायत बालाघाट सीईओ डी एस रणदा द्वारा जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत कायदी में पदस्थ सचिव गायत्री गोस्वामी को 11 जुलाई 24 को ग्राम पंचायत कायदी में नियमित रुप से उपस्थित होकर जनहितैषी शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं किए जाने, ग्राम पंचायत की मासिक बैठक, सामान्य प्रशासन एवं अन्य महत्वपूर्ण समितियों की बैठक आयोजित नहीं किए जाने, वर्तमान में स्थानापन्न सरपंच को सरपंच न मानते हुए ग्राम पंचायत की बैठक बुलाने से इंकार किए जाने एवं स्थानापन्न चुनाव के उपरांत 2 दिवस से ग्राम पंचायत कार्यालय खोले नहीं जाने से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

#### सचिव द्वारा दिया गया जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया

इस नोटिस के संबंध में सचिव गायत्री गोस्वामी द्वारा संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। वहीं 15 जुलाई को जिला स्तरीय जॉच दल द्वारा प्रस्तुत पंचनामा अनुसार ग्राम पंचायत कायदी में विगत एक वर्ष के रिकार्डो का संधारित होना नहीं पाया गया एवं ग्राम पंचायत संबंधी अभिलेख सचिव गायत्री गोस्वामी एवं पूर्व सरपंच रेखा नगरगड़े के निज निवास में होने की जानकारी प्राप्त हुई हैं।

जिला सीईओ के 16 जुलाई 24 को जारी आदेशानुसार सचिव गायत्री गोस्वामी को कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब असंतोषजनक होने तथा शासकीय अभिलेख अपनी अभिरक्षा में ग्राम पंचायत में संधारित नहीं किए जाने, जॉच में सहयोग न करने एवं वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों की अवहेलना किए जाने की दशा में मध्यप्रदेश पंचायतराज एवं ग्रामा स्वराज अधिनियम 1993 एवं मध्यप्रदेश पंचायत सेवा(अनुशासन तथा अपील) 1999 के नियम 04 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया हैं।

## फंदे पर लटका मिला व्यक्ति का शव

**बालाघाट।** जिले के कटंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत चिचगांव पंचायत के खोलापुर निवासी 55 वर्षीय राम चौधरी का 5 दिन पुराना शव पुलिस ने बरामद किया। शव का 16 जुलाई को पुलिस ने पीएम करवाकर, बिसरा प्रिजर्व कर लिया है।राम चौधरी की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की है। इसकी जांच कटंगी पुलिस कर रही है।

## स्कूल की बाउंड्रीवाल से टकराई अनियंत्रित कार, एक घायल

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले के लालबर्रा थाना क्षेत्र के सिहोरा में बीती रात 2 बजे एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर स्कूल बाउंड्रीवाल से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूल की बाउंड्रीवाल ध्वस्त हो गई।

घटना में घायल कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गर्रा निवासी 32 वर्षीय संदीप पिता झामसिंह राहंगडाले को लालबर्रा अस्पताल से रेफर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल संदीप की मानें तो वह अपनी कार क्रमांक एमपी 50 जेबी 1555 से सिवनी से घर गर्रा आ रहे थे। इस दौरान ही सिवनी की ओर से आ रहे एक डंपर वाहन ने तेज रफ्तार में ओवरटेक किया। जिससे उनका वाहन से नियंत्रण खो गया है और कार, सिहोरा के एक स्कूल के बांउड्रीवाल से टकरा गई। जिससे उनके पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई है।



लालबर्रा थाना के पुलिसकर्मी सुशील विश्वकर्मा ने बताया कि घटना बीती रात 2 बजे की है। जिसमें घायल चालक संदीप को लालबर्रा अस्पताल से रेफर पर जिला अस्पताल भिजवा दिया है।

## किरनापुर में मनाया गया मातमी पर्व मोहर्रम

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** किरनापुर में आज मातमी पर्व मोहर्रम मनाया गया यह पर्व दस दिनों का होता है। जिसमें इस्लाम धर्म के नए वर्ष की शुरुआत होती है। वहीं मोहर्रम की दसवीं तारीख को हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मातम मनाया जाता है। आज इस पर्व पर किरनापुर में कौमी एकता की मिसाल का नजारा दिखा। जंहा गौसिया मस्जिद में यौमें आशुरा की नमाज़ 8.30 बजे अदा की गई उसके बाद इमाम हुसैन की याद में गौसिया मस्जीत के इमाम, सदर और सदस्यों ने शाही शरबत का इंतज़ाम किया और सभी राहगीरों को तकसीम किया ।आपको बता दे कि आज ही के दिन इमाम हुसैन ने अपनी और अपने भइयो अपने बच्चों की क़ुर्बानी देकर इस्लाम को बचाया दुश्मनों को सर दे दिया लेकिन उन्होंने ज़ालिम बादशाह के सामने सर नहीं झुकाया मोहर्रम उन्हीं की याद में मनाया जाता है। राहगीरों को तकसीम करने के दौरान जलील ख़ान निक्की ख़ान विक्की ख़ान राकेश शर्मा गौरव शर्मा क़ादिर ख़ान सैफ़ ख़ान मुस्तकीम ख़ान राजा ख़ान दीपक अग्रवाल दीपक भंडारकर सलीम ख़ान अफ़ज़ल ख़ान आसिफ़ क़ुरैशी आज्जू क़ुरैशी काशिफ़, हँसनेन,सिबितेंन अब्दुल अनस बाबू जुबैर एंव सोहेल उपस्थित रहे।



## पर्यावरण बचाने भाजयुमो नगर मंडल ने रोपे 21 छायादार पौधे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लोगों को पौधरोपण के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक संगठन और स्वयंसेवी संस्थाएं अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) नगर मंडल बालाघाट द्वारा इस अभियान का हिस्सा बनकर निरंतर पौधरोपण के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। बुधवार को नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-दो निवासी डा. लखाराम वैध के आतिथ्य में बोनेटे फर्नीचर गली में 21 पौधे रोपे गए। भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे ने बताया कि पर्यावरण बचाने के लिए आज पौधरोपण करना अति आवश्यक है। साथ ही इन पौधों की पेड़ बनने तक देखभाल करना भी हमारा दायित्व है। भाजयुमो द्वारा फलदार और छायादार पौधे रोपे गए और इनकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में दुर्गा प्रसाद बाविसताले, काशीराम गर्दे, शैलेश नगपुरे, अभिषेक वैध, धर्मेन्द्र बाविसताले, नीलेश नगपुरे, नेहा मेश्राम, संगीता वैद्य, मनोज पारधी, सुशील ठाकरे सहित अन्य वार्डवासियों का सहयोग मिला। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय खंडेलवाल, भाजयुमो नगर प्रभारी प्रसन्न कांकरिया, भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे, भाजयुमो नगर महामंत्री संजू वराड़े, दीपक लिल्हारे, अखिलेश चौरे, संतोष सिंगारे, सिद्धार्थ वाजपेई, सोनू कसार, हिमांशु चौकसे, रंजीत गोयल, शुभम रिनायत, जय गिरी, विजय धामड़े, अंकित ऐड़े, शुभम शिवाले, वरुण दुबे सहित अन्य भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिला श्रमिकों को दी सोशल मीडिया युग में दस्तावेजों के महत्व की जानकारी

**बालाघाट।** महिला केंद्रित मुद्दों पर जागरूकता और पहुँच बढाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने मिशन शक्ति के तहत संकल्प हब फॉर एमपावरेमेंट ऑफ़ वुमन कार्यक्रम की शुरुआत 21 जून से की है। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं पर आधारित विभिन्न नियमों, विषयों और आवश्यकताओं पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। यह कार्यक्रम विभिन्न वर्ग की महिलाओं के साथ होते है। मंगलवार को एक कार्यक्रम के बैहर के खुरमुंडी और लूद के मसियाटोला में किया गया। यहां निर्माण कार्यो में जुटी महिलाओं को सोशल मीडिया के दौर में उनके महत्वपूर्ण दस्तावेजों के सम्बंध में जानकारियां दी गई।

## नकली खाद के प्रकरण में चौथा आरोपी गिरफ्तार



### आरोपी के कब्ज़े से बरामद की गयी ब्रान्डेड कम्पनी की 10 नग खाली बोरी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ द्वारा थाना वारासिवनी में शासकीय योजना से दिए जाने वाली खाद में धोखाधड़ी कर अमानक खाद बेचने की तैयारी करने वाले आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया था। जिस पर एएसपी विजय डावर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस वारासिवनी अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी वारासिवनी की टीम द्वारा प्रकरण में जुड़े चौथे आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार शुदा आरोपी विनय बिसेन पिता ओमप्रकाश बिसेन जाति पवार उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम अगासी थाना कटंगी से पुलिस पूछताछ उपरांत 10 नग ब्रान्डेड कम्पनी की बोरी बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी को मान न्यायालय ज्यूडिशियल रिमांड के लिए पेश किया गया है।

## भरवेली मॉयल में खान सुरक्षा पखवाडे का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मॉयल लिमिटेड के अध्यपक्ष सह प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सोना के पहल पर प्रथम बार मॉयल खान सुरक्षा पखवाडे का आयोजन 3 से 17 जुलाई तक भरवेली खदान में किया गया जिसके अंतर्गत सुरक्षा के प्रति जागृति उत्पजन्नम करने वाले विभिन्नॉ कार्यक्रम आयोजित किए गए थेए समापन कार्यक्रम में अभिकर्ता एवं संयुक्ति महाप्रबंधक समूह राजेश कुमार सिंह, खान प्रबंधक मयंक जैन, भूमिगत खान प्रबंधक हेमंत बावनकर, सुरक्षा अधिकारी उमेश चरपे, साईडिंग ईंचार्ज सुमित वर्धन एवं साकेत कस्तुयरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रतिक चिन्हस भेंट कर उनका सम्माएन किया गया,



जिसमें मॉयल सुरक्षा सैनिको का भी समावेश था। सुरक्षा को लेकर आयोजित पोस्टुर बनाने वाले स्कूली बच्चे अरशद खान, अर्श खान, जिज्ञासा ठाकुर, कृष्णा ठाकरे, आर्यमान महेश, अंशुल चौधरी, हर्षवर्धन शिव, आयुष बोपचे, अवानी सोनटक्केप इत्यादि का समावेश था। इसी तरह मॉयल रेस्यूवट टीम अंजली वराडे, श्रीमति सुनाए एवं सुरक्षा सैनिक जमील खान एवं उनकी पूरी टीम इत्यायदि सम्मांनित होने के साथ मॉयल स्थासपना दिवस पर आयोजित सांस्कृति कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्तह करने वाले बालाघाट खान के कलाकारो अक्षय मलिक एवं उनकी टीम को भी विशेष रूप से पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर अभिकर्ता राजेश कुमार सिंह ने कहा कि कंपनी के सी.एम.डी. के द्वारा एक अभिनव प्रयास के तहत सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के दृष्टिकोण से यह जो पखवाडा प्रारंभ किया गया है। इसकी जितनी सराहना किया जाएं कम है, हम सबका कर्तव्या है कि हम अपने कार्यो में पहले सुरक्षा संसाधनो को प्राथमिकता दे और अपने कार्य का संचालन करेंए खान प्रबंधक जैन ने कहा कि जीवन में सुरक्षा का बेहद महत्वं है इसलिए हमें सजग और सर्तक रहकर सुरक्षा संसाधनों की उपयोग के प्रति बिल्कुल भी लापरवाह नहीं होना चाहिए। सी.एम.डी. सक्सेपना के दूरदृष्टि के चलते कंपनी में सुरक्षा पखवाडे मनाने का जो नया कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है इसको सफल बनाने की जिम्मोदारी हम सबकी है। पहले सुरक्षा उसके बाद कार्य ही हमारा मुख्या उदेश्या होना चाहिए, कार्यक्रम का संचालन श्रीमति निख्हात शेख द्वारा दिया गया।

### उद्योग निवेश प्रोत्साहन के लिए मुख्यमंत्री ने चार जिलों के उद्योगपतियों से किया संवाद

## रॉ-मटेरियल का उपयोग स्थानीय उद्योग के माध्यम से होकर उत्पाद बनें -सीएम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उद्योग निवेश प्रोत्साहन के लिए यह संवाद और 20 जुलाई को जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही है। शासन की स्पष्ट मंशा है कि जिलो में उपलब्ध रॉ मटेरियल का उपयोग कर स्थानीय उद्योग ही प्रोडक्ट उत्पादित करें। इससे स्थानीय युवाओं को अधिक रोजगार उपलब्ध होंगे। ऐसे उद्योगों को निवेश प्रोत्साहन के माध्यम से बढ़ावा दिया जाएगा। उद्योग से प्रदेश वासियों को निवेश का लाभ मिले। इसलिए प्रदेश में सभी प्रकार के उद्योगों को बढ़ावा मिलें। उन्होंने मंगलवार को छिंदवाड़ा से चार जिलों के उद्योगपतियों के साथ उद्योग निवेश प्रोत्साहन के लिए संवाद किया।

#### नक्सल क्षेत्र में उद्योग के पर्याप्त अवसर

सीएम डॉ. यादव ने बालाघाट के सम्बंध में कहा कि जो क्षेत्र कभी नक्सल के लिए जाना जाता था। आज वहां भी उद्योग के पर्याप्त अवसर है। यह बात उन्होंने स्थानीय उद्योगपति श्री अतुल वैध से संवाद करते हुए कहीं। उद्योगपति श्री वैध ने सीएम डॉ. यादव से संवाद करते हुए कहा कि 1.30 लाख लीटर प्रतिदिन इथेनॉल बॉयोफ्यूल वाली अपनी इकाई का विस्तार कर 2.50 लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता का करना चाहते है। वे बालाघाट के खापा में स्थापित इकाई में 250 करोड़ रुपये का निवेश करना चाहते हैं।इसके लिए उन्होंने आवश्यक जमीन की आवश्यकता बताई।इसके अलावा बालाघाट के एक अन्य उद्योगपति श्री हर्ष त्रिवेदी ने भी संवाद करते हुए उद्योग विकास के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इनके अलावा संवाद आयोजन में पांढुर्णा और सिवनी के उद्योगपतियों से भी संवाद किया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा, जीएमडी आई सी श्रीमती प्रीति मर्सकोले सहित जिले के अन्य उद्योगपति मौजूद रहें।



## पीएमश्री उत्कृष्ट महाविद्यालयों के उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण देखा विद्यार्थियों ने

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



म.प्र. शासन उच्च शिक्षा द्वारा मध्यप्रदेश के 55 पी.एम. श्री उत्कृष्ट महाविद्यालयों के उद्घाटन का मुख्य कार्यक्रम शासकीय अटल बिहारी वाजपेयी आर्ट एवं कामर्स महाविद्यालय इंदौर में किया गया। कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का मुख्य उद्घाटन कार्यक्रम 14 जुलाई 2024 को दोपहर 02.45 बजे से केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव म0प्र0 शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के ऑनलाईन प्रसारण की व्यवस्था शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय वारासिवनी के कक्ष क्रमांक 05 (स्मार्ट क्लास), इंदिरा कक्ष (हाल), कक्ष क्रमांक 28, डब्ल्यू बी 01 एवं डब्ल्यू बी 02 में की गई। नई शिक्षा नीति लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का प्रथम राज्य है एवं इसे लागू किये तीन वर्ष पूर्ण हो चुके है।

इसी दिशा में पी.एम. श्री उत्कृष्ट महाविद्यालय प्रारंभ किया जाना मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों को संपूर्ण शिक्षा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, शिक्षा के वैकल्पिक आयाम उपलब्ध कराने तथा एक सुशिक्षित नागरिक बनाने के लिए महती कदम है। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा वर्तमान में चल रहे अन्य कार्यों की संपूर्ण जानकारी दी गई। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित नए विषय जो रोजगार मूलक हैं, उन पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी, अतिथि विद्वान, जनभागीदारी शिक्षक, जनभागीदारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज की।